दैनिक
न्याय साक्षी



## चक्रधर समारोह 2024

# प्रसिद्ध तबला वादक अंशुल प्रताप सिंह ने संगीत की सुरमयी शाम को किया गुंजायमान

## शिव तांडव को तबले की थाप से किया अभिव्यक्त

रायगढ़



चक्रधर समारोह के छठवें दिन 12 सितंबर को भोपाल के प्रसिद्ध तबला वादक अंशुल प्रताप सिंह ने अपने तबले की थाप से संगीत की इस सुरमयी शाम को गूंजायमान कर दिया। उन्होंने कैलाश पर्वत पर भगवान शिव के तांडव नृत्य को तबले की थाप से अभिव्यक्त किया। अंशुल ने अपने दादा हरिश्चंद्र सिंह और पिता ठाकुर उदय प्रताप सिंह से तबले की प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। वर्तमान में वे अपने गुरु संजय सहाय से तबला वादन का विशेष प्रशिक्षण ले रहे हैं। अंशुल ने सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड सहित देश-विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने ताज महोत्सव, खुजराहो महोत्सव सहित विभिन्न समारोह एवं अवसरों पर अपने तबला वादन से कला प्रेमियों को संबोधित किया। उन्होंने मोहन वीणा वादक पंडित विश्व मोहन भट्ट, बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया जैसे विश्व विख्यात कलाकारों के साथ तबले पर संगत किया।

## राहुल शर्मा ने संतूर वादन से कश्मीर के पहाड़ी संगीत की बिखेरी महक




देश के प्रसिद्ध संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा के पुत्र राहुल शर्मा ने आज चक्रधर समारोह में रायगढ़ की धरती को संगीत के सुरों सराबोर कर दिया। संतूर के सुर के जरिए उन्होंने कश्मीर के पहाड़ी संगीत से कला प्रेमियों को रूबरू करवाया। राहुल शर्मा ने अपने पिता शिव कुमार शर्मा से संतूर सीखा। शर्मा ने एडिनबर्ग फेस्टिवल सहित देश.विदेश के तमाम कल मंचों पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों में भी अपने संगीत से रूबरू कराया। राहुल विश्व विख्यात तबला वादक जाकिर हुसैन के साथ संतूर का संगत कर चुके हैं।

संतूर एक तन्त्री वाद्य यंत्र है। इसका भारतीय नाम 'शततंत्री वीणा' यानी सौ तारों वाली वीणा है जिसे बाद में फारसी भाषा से संतूर नाम मिला। संतूर मूल रूप से कश्मीर का लोक वाद्य यंत्र है और इसे सूफी संगीत में इस्तेमाल किया जाता था। इसे विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने का श्रेय पंडित शिवकुमार शर्मा को जाता है।

## नन्ही कलाकार अन्विता विश्वकर्मा ने कत्थक नृत्य से पूरे चक्रधर समारोह में बिखेरी यश की चांदनी

चक्रधर समारोह के छठवें दिन रायपुर की नन्ही कलाकार अन्विता विश्वकर्मा ने पूरे चक्रधर समारोह में यश की चांदनी बिखेरी। अन्विता विश्वकर्मा ने गणपति जगवंदन पर नृत्य और भाव की बहुत ही सुंदर और सुमधुर कत्थक की प्रस्तुति दी जिसने सभी श्रोताओं का मन मोहा। अन्विता विश्वकर्मा मात्र तीन वर्ष की उम्र से नृत्य कला से जुड़ गई थी। वर्तमान में वे लखनऊ घराने के कत्थक नृत्य में निपूर्ण हो चुकी है। वे अनुराग ठाकुर की शिष्या है। अन्विता विश्वकर्मा अपने दादा आर.एस. विश्वकर्मा जैसा आईएएस ऑफिसर बनना चाहती है।







## जी रथिस बाबू के भरतनाट्यम और कुचीपुड़ी की प्रस्तुति ने जीता दर्शकों का दिल

चक्रधर समारोह के अवसर पर आज भिलाई के डॉ.जी रथीस बाबू के भरतनाट्यम और कुचीपुड़ी पर आधारित खूबसूरत भावभंगिमा और कलाकारी की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने अपनी सहयोगी टीम के साथ भगवान गणेश, भगवान राम के प्रति अर्चना, अर्धनारीश्वर आदि पर प्रस्तुति दी। डॉ. जी रथीस बाबू आईसीसीआर व संस्कृति मंत्रालय के पैनल्ड आर्टिस्ट है। उन्होंने मध्यभारत में बड़ी संख्या में छात्रों को भरतनाट्यम और कुचीपुड़ी की शिक्षा प्रदान की है।



## रायगढ़ की बेटी दीक्षा घोष ने माता रानी के रौद्र रूप और नारी शक्ति को भरतनाट्यम नृत्य से किया प्रस्तुत

रायगढ़ की बेटी दीक्षा घोष और उनकी टीम द्वारा आज माता रानी के रौद्र रूप और नारी शक्ति को भरतनाट्यम नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। दीक्षा घोष रायगढ़ में भरतनाट्यम की नृत्य शिक्षिका है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के रविन्द्र भारतीय विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है। उन्हें उत्तराखंड के भागीरथी उत्सव पुरुस्कार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, भिलाई, बिलासपुर सहित अन्य कई बड़े शहरों में सुंदर नृत्य प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत किया जा चुका है।







## 13 सितम्बर को पद्मश्री डॉ.भारती बधु सूफी एवं कबीर गायन पर देंगे प्रस्तुति

### सुश्री भद्रा सिन्हा एवं गायत्री शर्मा भरतनाट्यम प्रस्तुत करेंगी

### कटक के लक्की मोहंती करेंगे ओडिसी नृत्य

**रायगढ़।** 39 वां चक्रधर समारोह के सातवें दिन 13 सितम्बर को पद्मश्री से सम्मानित रायपुर के डॉ.भारती बंधु सूफी एवं कबीर गायन पर अपनी प्रस्तुति देंगे। इसी तरह कटक से आ रहे लकी मोहंती प्रस्तुत करेंगे ओडिसी नृत्य। कार्यक्रम में रायगढ़ हुतेन्द्र ईश्वर शर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य-संगीत, सारंगढ़ की शार्वी केशरवानी-कथक, दिल्ली की भद्रा सिन्हा एवं गायत्री शर्मा द्वारा भरतनाटयम, रायपुर की सुश्री मृदुस्मिता दास द्वारा असमिया सत्रीया नृत्य एवं कोच्चि से आ रही विद्या प्रदीप एवं साथी मोहिनीअट्टम पर प्रस्तुति देंगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 948.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 11 सितम्बर तक 948.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 1.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1186.3 मिली मीटर, पुसौर में 1035.4, खरसिया में 914.9, घरघोड़ा में 1015.4, तमनार में 881, लैलूंगा में 804.4, मुकडेगा में 863.9, धरमजयगढ़ में 835.1 छाल में 962.8 एवं कापू में 984.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### सामुदायिक पुलिसिंग की अनोखी पहल : जूटमिल पुलिस ने विशेष बच्चों को कराया मीनाबाजार की सैर



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिसकर्मियों द्वारा कई जन-कल्याणकारी कार्यों में सहभागिता दर्ज करायी जा रही है। इसी कड़ी में 11 सितंबर 2024 को जूटमिल थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज ने ग्राम कोसमनारा स्थित जय बूढ़ी माई आश्रम के विशेष बच्चों (Special Child) की एक अनोखी इच्छा पूरी की। कुछ दिन पूर्व निरीक्षक भारद्वाज आश्रम बच्चों का हाल-चाल जानने पहुंचे थे, जहाँ बच्चों ने उनसे मीना बाजार देखने की इच्छा व्यक्त की। इस पर थाना प्रभारी ने बच्चों की इस मासूम ख्वाहिश को पूरी करने का वादा किया और कल अपने स्टाफ के साथ आश्रम के विशेष बच्चों की मीनाबाजार सैर कराई। बच्चों ने झूलों और व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया। पुलिसकर्मियों की इस पहल से बच्चे बेहद खुश दिखे, और यह पुलिस-जन सहयोग का एक भावनात्मक उदाहरण बना।

## ओवरलोड, अवैध पार्किंग पर 5 वाहनों पर हुई कार्यवाही 65,900 रूपए का लगाया जुर्माना

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में ओव्हर लोड गाडिय़ों, अवैध पार्किंग पर खड़ी वाहनों एवं बिना तारपोलिन ढंके वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए थे। उक्त निर्देश के परिपालन में 5 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 65,900 रुपये की चालानी कार्यवाही की गई।

क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि कच्चे माल, उत्पाद, अपशिष्ट परिवहन करने वाले वाहनों का उपयुक्त प्रकार से कव्हर्ड किए जाने बाबत स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर का पालन की जांच करने हेतु गठित कमेटी द्वारा 12 सितम्बर 2024 को ग्राम-संबलपुरी से ग्राम-जामगांव के मध्य जांच किया गया। जांच दल में परिवहन विभाग, खनिज विभाग एवं क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सम्मिलित थे। जांच में लगभग 35 वाहनों की जांच की गई। ओवरलोड, अवैध पार्किंग पर कार्यवाही करते हुए कुल 5 वाहनों पर 65,900 रुपये की चालानी कार्यवाही की गई। पर्यावरण विभाग रायगढ़ द्वारा संबंधित नोडल का नाम वाहन पर नहीं होने, ट्राली से 5 सेमी फ्री बोर्ड स्पेस नहीं होने, क्षतिग्रस्त वाहन द्वारा परिवहन करने, वाहनों को रोड पर पार्किंग करने एवं समुचित रूप से तारपोलिन से ढके बिना कच्चे माल, उत्पाद, अपशिष्ट परिवहन करने पर वाहनों से संबंधित उद्योग मेसर्स एमएसपी स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, ग्राम-जामगांव, रायगढ़ में मेसर्स जिंदल पावर लिमिटेड, (कोल वाशरी)ग्राम-लिबरा, जिला-रायगढ़ को नोटिस जारी किया जा रहा है।





## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 30 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

सारंगढ़ बिलाईगढ़

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से 30 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। छात्रवृत्ति हेतु पात्र विद्यार्थी वेबसाईट पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन http://postmatric-scholarship.cg.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित संस्था से प्राप्त की जा सकती है।

## वजन त्यौहार में जिले के एक लाख से अधिक बच्चों का होगा कुपोषण स्तर की जाँच

रायगढ़



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रतिवर्ष बच्चों में कुपोषण का स्तर ज्ञात करने के लिए वजन त्यौहार का आयोजन किया जाता है। जिले में वजन त्यौहार आज से शुरू किया गया है जो आगामी कलस्टरवार अलग-अलग तिथियों में 23 सितम्बर तक चलेगा। जिले के एक लाख से अधिक बच्चों का वजन आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से किया जायेगा। जिसमें बच्चों की उंचाई एवं वजन का मान किया जाकर पोषण स्तर ज्ञात किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में जहां छोटे बच्चे प्राईवेट स्कूल में जाते हैं वहां भी संबंधित स्कूल के सहयोग से बच्चों का वजन लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वजन त्यौहार वर्ष 2012 से बच्चों का पोषण स्तर ज्ञात करने हेतु प्रतिवर्ष वजन त्यौहार आयोजन किया जाता है। बच्चों का वजन जिले के सभी 2706 आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं 06 वर्ष से कम उम्र के अध्ययनरत बच्चों का वजन लिया जाएगा। बच्चों के पालकों को वजन हेतु आंगनबाड़ी केन्द्र में कब आना है इसकी सूचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा आमंत्रण पत्र पालकों को दी जाएगी। इस दौरान पालक अपने 06 वर्ष के कम उम्र के बच्चों का वजन निर्धारित तिथियों में आंगनबाड़ी केन्द्र पहुँचकर अनिवार्य रूप से वजन कराए।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण, बैठकर पढ़ा रहे शिक्षक को दी चेतावनी

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले में शिक्षा में कसावट लाने के लिये स्कूलों का नियमित निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.व्ही.राव, जिला शिक्षा अधिकारी ने नरेन्द्र चौधरी, जिला मिशन समन्वयक एवं भुवनेश्वर पटेल, सहायक जिला परियोजना समन्वयक द्वारा पुसौर विकासखण्ड के हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने स्वामी आत्मानंद स्कूल तेतला के निरीक्षण के दौरान शिक्षक द्वारा कुर्सी में बैठकर पढ़ाने एवं ब्लैक बोर्ड कार्य नही करने पर कड़ी फटकार लगाई और भविष्य में सुधार कर अध्यापन कार्य सही करने एवं ब्लैक बोर्ड कार्य कर अध्यापन करने के निर्देश दिये। बच्चों से सवाल पूछने पर सन्तोषप्रद जवाब न मिलने पर नाराजग़ी व्यक्त करते हुऐ अध्यापन कार्य गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिये। निर्देश के बाद भी तेतला में शिक्षकों की समीक्षा के दौरान टेबल पर गाइड रखा होने नाराजगी व्यक्त कर तत्काल हटाने के निर्देश देकर भविष्य में उपयोग न करने एवं बच्चों को इसका उपयोग बिल्कुल न कराकर केवल पुस्तकों से ही अध्यापन कार्य करने के निर्देश दिये। इसके पूर्व स्वामी आत्मानंद स्कूल कोंडातराई के निरीक्षण करने के दौरान पढ़ाई व्यवस्था पर संतोष जाहिर करते हुयेए अध्यापन कार्य को नियमित रूप से करने एवं समय में स्कूल उपस्थित होते हुये अध्यापन कार्य गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही इस वर्ष कक्षा 10 वी एवं 12 वी की परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत लाने का लक्ष्य रखने के निर्देश दिये। स्वामी आत्मानंद स्कूल, पुसौर के निरीक्षण के दौरान कक्षा 10 वी एवं 12 वी के विद्यार्थियों को मोटिवेट कर प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने को कहा। निरीक्षण करने वाले सभी स्कूलों में शिक्षकों को कम जानने वाले बच्चों का चिन्हांकन कर उनके लिये अंतिम कालखण्ड में अतिरिक्त कक्षायें संचालित करने एवं उनको नियमित रूप से शाला में लाने के निर्देश दिये। साथ ही कक्षा आठवीं के छात्रों को राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा, कक्षा 10 वी के अध्ययनरत सभी छात्रों को एनटीएससी परीक्षा, कक्षा 05 वी में अध्ययनरत सभी छात्रों को नवोदय परीक्षा फॉर्म भराकर सभी छात्रों को परीक्षा में शामिल करने के निर्देश दिये। सभी स्कूलों में परीक्षा परिणाम 10 प्रतिशत सुधार कर न्यूनतम 80 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने के निर्देश दिये। साथ अधिकतम छात्रों को लक्ष्य बनाकर अधिकतम छात्रों को मेरिट सूची में लाने का निर्देश दिये।





अंत में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अंतर्गत समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया और शाखा प्रभारियों से जानकारी प्राप्त किया। कार्यालय में सभी शाखा प्रभारियों से सीमित समीक्षा कर मध्यान्ह भोजन मानदेय समय पर भुगतान करने, सेवा पुस्तिका में अवकाश प्रविष्टि, एरियर भुगतान प्रविष्टि, सेवा सत्यापन, वार्षिक वेतनवृद्धि नियमित रूप से प्रविष्टि करने, पासबुक में नियमित प्रविष्टि सत्यापन करने के निर्देश दिये। सेवा पुस्तिका पूर्ति करने हेतु सम्बन्धित शिक्षक को सेवा पुस्तिका दिखाकर हस्ताक्षर कराने एवं सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की सेवा पुस्तिका तैयार के कोष एवं लेखा भेजने के निर्देश दिये।

स्वामी आत्मानंद स्कूल बड़े भंडार के निरीक्षण के दौरान स्कूल के प्रयोगशाला के निरीक्षण में प्रयोगशाला अस्त व्यस्त रहने और अभी तक प्रयोग प्रारम्भ न करने पर प्राचार्य सुंदर लाल सिदार को कड़ी फटकार लगाकर सभी विषयों के प्रायोगिक कार्य आज से ही प्रारम्भ करने एवं प्रायोगिक कार्य कराते हुये फोटोग्राफ्स शेयर करने के निर्देश दिये।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480